तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, सोमवार 18 अगस्त 2025



10 21 परिवारों ने लगाए 21 पीपल के पौधे





10 चोर गिरोह के 2 सदस्य गिरफ्तार नकद और...











# बस्तर दशहरा की परंपरा, संस्कृति को संरक्षित करना हमारा दायित्व : कश्यप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अलग खबर

बस्तर दशहरा समिति की बैठक जिला कार्यालय के प्रेरणा कक्ष में हुई। बैठक में नए उपाध्यक्ष का चुनाव किया गया, जिसमें बलराम मांझी को सर्वाधिक मांझी की सहमति मिली। इस अवसर पर सांसद महेश कश्यप ने नवनियुक्त उपाध्यक्ष को बधाई देते हुए कहा कि बस्तर दशहरा हमारी बहुत पुरानी परंपरा और संस्कृति है, हमारे पूर्वजों ने आमचो बस्तर की स्थानीय संस्कृति, रीति- रिवाज, लोक परंपरा को सहेजकर रखा है। हमे भी इस परंपरा- संस्कृति को संरक्षित करना है।

## मांझी बस्तर दशहरा समिति के उपाध्यक्ष मनोनीत

### देवी-देवताओं और समुदायों की भागीदारी का अद्भुत उदाहरण

इस दौरान माटी पुजारी कमलचंद भंजदेव ने कहा कि दशहरा में क्षेत्र के देवी-देवताओं और विभिन्न समुदायों की भागीदारी का अद्भुत उदाहरण है। उन्होंने इस पर्व में विशेष भूमिका निभाने वाले मांझी, चालकी, सेवादारों की रिक्त पदों भर्ती सभी करवाने की पहल करने की मांग की। साथ ही देवी देवताओं का आश्रय स्थल की व्यवस्था पर आवश्यक व्यवस्था करने के लिए कहा। इस अवसर पर मांझी-चालाकियों ने भी बस्तर दशहरा की सभी परंपराओं के नियमानुसार पालन तथा इसके सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित आयोजन के लिए सुझाव दिए।



### दशहरा शहर की सांस्कृतिक विरासत

महापौर संजय पांडेय ने कहा कि बस्तर दशहरा हमारे शहर की सांस्कृतिक विरासत है। इस पर्व को देखने और जानने के लिए देश दुनिया के पर्यटक आते हैं, पर्यटकों को अतिथि देवों भवः के रूप में स्वागत के लिए जगदलपुर तैयार है । बैठक में कलेक्टर हरिस एस ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि विगत वर्ष के समान ही इस वर्ष में भी भव्य रूप से दशहरा को मनाया जाएगा । उन्होंने बताया कि वर्ष 2024 में ऐतिहासिक बस्तर दशहरा पर्व के उपयोग की गई बजट और वर्ष 2025 बस्तर दशहरा आयोजन के लिए आबंटित बजट की जानकारी दी। कार्यक्रम में बस्तर दशहरा समिति के सचिव एवं तहसीलदार द्वारा बस्तर दशहरा महोत्सव की प्रमुख तिथियों और विधानों की जानकारी दी गई ।



संस्कृति को जीवित रखने के लिए सभी का सहयोग जरूरी है। दशहरा में सभी समाज की सहभागिता रहती है, दशहरा में अलग-अलग समाज अपने दायित्व का निर्वहन करते है यह सामाजिक एकता का प्रतीक है। दशहरा ▶▶| शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप

### दही हांडी मटकी फोड़ स्पर्धा का किया गया आयोजन



जगदलपुर। विश्व हिन्दू परिषद स्थापना दिवस एवं श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर दही हांडी मटकी फोड़ स्पर्धा का आयोजन ग्राम हाट पदमुर में आयोजित किया गया । जिसमें नानगूर प्रखंड से युवाओं ने उत्साह के साथ सहभागिता निभाई।

### मटर 200 रुए किलो में बिका, रही भीड़



जगदलपुर। बारिश के बावजूद रविवार को साप्ताहिक बाजार में शहरीय के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र के खरीददारों की भीड़ रखी रही। बाजार में मटर पहुंचा, लेकिन रायपुर का मटर शहर के बाजार में 200 रुपए किलो में बिक रहा है। बाजार में टमाटर 40-50, करेला 80, फूलगोभी 100, पत्तागोभी 30, भिंडी 80, आलू 30, प्याज 30, अदरक 180, लहसून 250 रूपए किलो और लालभाजी 20 रूपए में 6 जूड़ी बिक रहा है।

### झरना को मिली एबीएपी की मध्य क्षेत्र के सह संयोजक की जिम्मेदारी

जगदलपुर। अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद एबीएपी में झरना बांगर सिंह को मध्य क्षेत्र का सह संयोजक की जिम्मेदारी मिली । सिंह कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद छत्तीसगढ़ को मध्य क्षेत्र का क्षेत्रीय सह संयोजक बनाये जाने पर अब छत्तीसगढ़ के साथ मध्यप्रदेश के लिए के सह संयोजक का बड़ा जिम्मेदारी मिलने पर एबीएपी के संभागीय अध्यक्ष सपन देवांगन ने कहा कि झरना बांगर सिंह के नियुक्ति मिलने पर बस्तर वासियों में खुशी है । बस्तर जिला का प्रतिनिधित्व का अब सीधे दिल्ली तक पहुंच का मार्ग प्रशस्त हो गया है।



मौसम : कम दबाव का केंद्र जगदलपुर समेत उत्तरी आंध्रप्रदेश और दक्षिण ओडिशा तट पर केंद्रित

# दिनभर रुक-रुक कर होती रही बूंदाबांदी, लोग होते रहे हलाकान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

दक्षिण-पश्चिम मानसून के प्रभाव से वायुमंडल में लगातार बन रहे सिस्टम के चलते अंचल में बारिश का असर देखा जा रहा है। हालांकि बस्तर संभाग मुख्यालय में शनिवार दिनभर और रविवार देर शाम तक भारी बारिश का असर नही रहा। रविवार को सुबह से शाम तक रुक रुक कर बूंदाबांदी तो कभी हल्की बारिश का दौर जारी रहा। इधर पिछले 24 घण्टे ने याने शनिवार को उत्तर बस्तर के एक-दो स्थानों पर भारी से अति भारी वर्षा हुई। खासकर कांकेर जिले के अंतागढ़ में 90 एमएम वर्षा रिकार्ड किया गया। जबकि सुकमा जिले के दोरनापाल में 40 एमएम वर्षा दर्ज किया गया। जबकि कुछ स्थानों कम बारिश हुई।

- अंतागढ़ में 90 एमएम वर्षा रिकार्ड की गई

मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर से जारी मौसम संक्षेप में जानकारी दी है कि,उत्तरी आंध्र प्रदेश और दक्षिण ओडिशा के तटों से सटे पश्चिम मध्य और उससे सटे उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी पर ऊपरी हवा के चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव में,रविवार को उसी क्षेत्र में एक निम्न दबाव का क्षेत्र बन गया है। यह चक्रवाती परिसंचरण औसत समुद्र तल से 9.6 किमी ऊपर तक फैला हुआ है और दक्षिण-पश्चिम दिशा में झुका हुआ है। इसके पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने और अगले 24 घंटों के दौरान एक अवदाब में केंद्रित होने तथा 19 अगस्त की दोपहर के आसपास दक्षिण ओडिशा-उत्तर आंध्र प्रदेश के तटों को पार करने की संभावना है। विदर्भ और आसपास के क्षेत्रों में बना निम्न दबाव का क्षेत्र आज उसी क्षेत्र में बना हुआ है। इससे जुड़ा ऊपरी हवा का चक्रवाती परिसंचरण समुद्र तल से 5.8 किमी ऊपर तक फैला हुआ है और ऊँचाई के साथ दक्षिण-पश्चिम की ओर झुका हुआ है। इसके पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने और धीरे-धीरे कमजोर होने की संभावना है और 18 अगस्त की सुबह एक अवशिष्ट चक्रवाती परिसंचरण के रूप में गुजरात पहुँच जाएगा।

औसत समुद्र तल पर मानसून द्रोणिका विदर्भ और आसपास के क्षेत्रों पर कम दबाव वाले क्षेत्र के केंद्र,जगदलपुर,उत्तरी आंध्र प्रदेश और दक्षिण ओडिशा तटों से दूर पश्चिम मध्य और समीपवर्ती उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी पर कम दबाव वाले क्षेत्र के केंद्र से होकर पूर्व-दक्षिण पूर्व की ओर बंगाल की खाड़ी के पूर्व मध्य तक गुजर रही है। पूर्व-पश्चिम द्रोणिका अब पश्चिम मध्य और उससे लगे उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के उत्तरी आंध्र प्रदेश और दक्षिण ओडिशा तटों पर बने निम्न दबाव क्षेत्र से जुड़े ऊपरी वायु चक्रवाती परिसंचरण से उत्तरी मराठवाड़ा, विदर्भ के ऊपर बने ऊपरी वायु चक्रवाती परिसंचरण, दक्षिण छत्तीसगढ़ तथा दक्षिण ओडिशा होते हुए उत्तर-पूर्व अरब सागर और उससे लगे दक्षिण गुजरात और कोंकण तक औसत समुद्र तल से 1.5 और 5.8 किमी ऊपर तक फैली हुई है, जो ऊंचाई के साथ दक्षिण की ओर झुकी हुई है।

### अलग-अलग सिस्टम से अनेक स्थानों पर वर्षा आज



रायपुर के मौसम विज्ञानी सुनील गुप्ता के अनुसार वायुमंडल में बने अलग-अलग सिस्टम की वजह से सोमवार को के लिए जारी पूर्वानुमान के अनुसार प्रदेश में अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। मौसम विभाग ने सोमवार के लिए चेतावनी जारी करते कहा है,कि मध्य व दक्षिण छत्तीसगढ़ में एक-दो स्थानों पर अति भारी से सीमांत भारी वर्षो तथा मेघगर्जन के साथ वज्रपात होने की संभावना है। जबकि प्रदेश में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने तथा एक-दो स्थानों पर भारी वर्षा तथा मेघगर्जन के साथवज्रपात होने की संभावना है।

# प्राकृतिक आपदा से जूझ रहे ग्रामीणों के बीच पहुंचे विधायक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोण्ड

विधायक लखेश्वर बघेल रविवार को अचानक बकावंड ब्लाक के ग्राम पंचायत सिदावंड डूरकाठोंगा गांव का दौरा किया। हाल ही में हुई भारी बारिश के कारण कई ग्रामीणों के मकान क्षतिग्रस्त हो गए हैं। विधायक बघेल ने प्रभावित परिवारों से भेंट की और उनकी पीड़ा को नजदीक से देखा-सुना। ग्रामीणों की हालत देख वे स्वयं भावुक हो गए।

- भारी बारिश से तबाही, ग्रामीणों के दर्द से रूबरू हुए

ग्रामीणों ने शिकायत की कि 13 अगस्त को हुई इस आपदा के बाद भी अब तक कोई प्रशासनिक अधिकारी मौके पर निरीक्षण के लिए नहीं पहुंचा। इस लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए विधायक ने तहसीलदार और पटवारी से दूरभाष पर बात की और तत्काल गांव पहुंचने का निर्देश दिया।

### पीड़ितों को दिलाया भरोसा

विधायक ने पांचों प्रभावित परिवारों के घरों का दौरा किया और नुकसान का जायजा लिया। उन्होंने भरोसा दिलाया कि प्रभावितों को हरसंभव सहायता, राहत और मुआवजा प्रदान कराया जाएगा। दयमन बघेल पिता चैतन के घर की स्थिति सबसे चिंताजनक रही, जहां बारिश से दीवारें गिर गईं और घर में रखा धान, बिस्तर और अन्य घरेलू सामग्री पूरी तरह से नष्ट हो गई। विधायक ने जिन परिवारों से मुलाकात की उनमें दासरथी बघेल, शंकर बघेल, दिनेश भारती ,लखमू ,सोमारी है।

### मिलेगा हरसंभव सहयोग

विधायक ने कहा प्राकृतिक आपदा में पीड़ित किसी भी परिवार को प्रशासन की ओर से अनदेखा नहीं किया जाएगा। मुआवजा वितरण की प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ कराई जाएगी और आवश्यक राहत सामग्री तुरंत उपलब्ध कराई जाएगी।

नियमितीकरण सहित अन्य मांगे

# राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल पर आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ के बैनर तले इस आंदोलन की जानकारी प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अमित कुमार मिरी, प्रदेश महासचिव कौशलिश तिवारी, बस्तर संभाग अध्यक्ष डॉ. देवकांत चतुर्वेदी ने बताया कि सरकार के अड़ियल रवैया से परेशान कर्मचारियों ने इस बार आंदोलन को अनिश्चितकालीन करने का निर्णय लिया है। जिलाध्यक्ष ने बताया कि 15 अगस्त को सरकार की ओर से मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया गया है, जिसमें नाराज एनएचएम कर्मचारी 18 अगस्त से प्रदेशभर के 16000 से अधिक कर्मचारी अनिश्चित कालीन कार्य बहिष्कार एवं काम बंद कलम बंद हड़ताल करेंगे। इसमें बस्तर जिले से सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी जो उपस्वास्थ्य केन्द्र पर पदस्थ होते हैं। संविदा कर्मचारी प्राथमिक स्वास्थ्य सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों मे कार्य करते हैं सभी एकजुट होकर संघ के आहवान पर हड़ताल में रहेंगे। एसएनसीयू में विशेष नवजात शिशु देखभाल ईकाई एसएनसीमू सहित आपात कालीन सेवा भी बंद रहेगी। आपातकालीन सेवाओं को भी पूर्णतः बंद रखने का निर्णय लिया है।

- एनएचएम कर्मचारियों ने खंड चिकित्सा अधिकारी को दिया ज्ञापन

इस संबंध में संघ द्वारा शासन को पूर्व में ही सूचना दे दी गई है। मोदी की गारंटी में नियमितीकरण का वादा भी किया गया था। बावजूद इसके पिछले 20 माह में 160 से अधिक बार ज्ञापन एवं आवेदन देने के बाद भी सरकार की ओर से कोई की समाधान नहीं निकल पाया। स्वास्थ्य सेवाएं होगी प्रभावित डॉ. पितांबर साहू ने बताया कि पूरे प्रदेश भर मे 6239 स्वास्थ्य संस्थाए होगी प्रभावित अब कर्मचारी आंदोलन के लिए बाध्य है। तत्काल संवाद स्थापित करे जायज मांगों पर निर्णय ले अन्यथा छत्तीसगढ की स्वास्थ्य सेवाए पूरी तरह बेपटरी हो सकती है जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। सामुदायिक स्वास्थ्य ▶▶| शेष पेज 10 पर

# विद्यार्थियों के साथ अभिभावकों ने लिया बढ़-चढ़कर हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जेसीआई द्वारा रविवार सुबह राइड और राइस साइकिल रैली का भव्य आयोजन किया गया। यह अब तक जिले में छात्रों के लिए आयोजित सबसे बड़ी साइकिल रैली रही, जिसमें विद्यार्थियों के साथ उनके अभिभावकों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और शहरवासियों ने पूरे उत्साह के साथ इसका स्वागत किया।

- जेसीआई का राइड और राइस साइकिल रैली का भव्य आयोजन

इस रैली में कक्षा 5वीं से 9वीं तक लगभग 500 छात्रों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का मार्ग शहर के प्रमुख चौक,चौराहों से गुजरते हुए लगभग 6.5 किलोमीटर लंबा रहा। सुबह 7 बजे से पंजीयन प्रारंभ हुआ और ठीक 7:45 बजे रेस का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा फ्लैग ऑफ करके हुआ। इस अवसर पर छात्रों के साथ उनके परिजन और अभिभावक भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे, जिससे कुल मिलाकर 1000 से अधिक लोगों की उपस्थिति ने आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप्ती कॉन्वेंट स्कूल की बैंड टीम द्वारा राष्ट्रीय गान के साथ हुई कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, बेवरेज कॉर्पोरेशन अध्यक्ष श्रीनिवासराव मद्दी, महापौर संजय पांडे, पूर्व विधायक रेखचंद जैन एवं बचेका अध्यक्ष श्याम सोमानी ,पार्षद कुबेर देवांगन एवं शहर के ▶▶| शेष पेज 10 पर





जल जीवन मिशन, सुजला योजना एवं सोलर हाई-मास्ट संयंत्रों की देखी गुणवत्ता

# क्रेडा सीईओ ने किया सौर संयंत्रों का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भारत सरकार एवं राज्य सरकार की सौर आधारित महत्तवपूर्ण योजनाओं के माध्यम से राज्य के नागरिकों को लाभ पहुंचाने का कार्य गैर परम्परागत ऊर्जा स्त्रोतों के क्रियान्वयन के लिए राज्य एवं केन्द्र सरकार की नोडल एजेंसी क्रेडा द्वारा किया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुसार कार्यों की उत्कृष्ट गुणवत्ता एवं इसमे जीरो टॉलरेंस नीति को फलीभूत करने का कार्य क्रेडा सीईओ राजेश सिंह राणा द्वारा सतत रूप से किया जा रहा है। इस जीरो टॉलरेंस नीति के अंतर्गत संयंत्रों के गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए राणा द्वारा स्वयं ही ताबड़तोड दौरे किये जा रहे है। इसी की निरंतरता में क्रेडा के सीईओ राजेश सिंह राणा द्वारा 15 एवं 16 अगस्त को बस्तर संभाग के कांकेर,कोण्डागांव एवं बस्तर जिलों के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन योजना,सौर सुजला योजना एवं सोलर हाई मास्ट, ग्रामीण विद्युतीकरण इत्यादि योजनाओं के अंतर्गत स्थापित सोलर संयंत्रों ▶▶| शेष पेज 10 पर



### पीएचई की लापरवाही व्यवस्था सुधारने कहा

राणा द्वारा जिला बस्तर अंतर्गत विकासखण्ड-दरभा के ग्राम-धुड़मारास में भी जल जीवन मिशन फेस-2 अंतर्गत स्थापित सोलर पेयजल संयंत्र एवं सोलर हाई मास्ट संयंत्र का निरीक्षण किया गया। जिसमें स्थापित संयंत्र कार्यशील पाया गया। स्थापित पेयजल संयंत्र के समीप निवासियों से संयंत्र की उपयोगिता के संबंध में चर्चा की,जिसमें ग्रामीणजनों ने इस योजना के प्रति प्रसन्नता व्यक्त की एवं सीईओ क्रेडा से चर्चा में बताया गया कि पीएचई की पाईप लाईन संयंत्र से जोड़े जाने के पश्चात भी किन्ही कारणों से कुछ घरों में पेयजल नही पहुंच पा रहा है। जिस पर सीईओ क्रेडा द्वारा स्थल पर उपस्थित जिला अधिकारी को पीएचई विभाग से समन्वय कर यथाशीघ्र सभी घरों में पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिये गये। साथ ही ग्राम-धुड़मारास में स्थापनाधीन सोलर पॉवर प्लांट के माध्यम से सोलर स्ट्रीट लाईट का भी निरीक्षण किया गया एवं जिला अधिकारी को कार्यादेशित इकाई से समन्वय कर शीघ्रातिशीघ्र स्थापना कार्य पूर्ण करवाने के निर्देश दिए गये।




## खबर संक्षेप

### पर्वराज पयूर्षण पर्व को मनाया जाएगा 27 से

**जगदलपुर।** विघा अमृत पावन वर्षा योग 2025 आगम सागर महाराज ससंघ के सानिघ्य में आनंद पूर्वक चल रहा है। आगामी 27 अगस्त से पर्वराज पयूर्षण पर्व प्रारंभ होने जा रहा है। इस सुअवसर पर आगम सागर महाराज ससंघ के सानिघ्य में दशलक्षण महापर्व पर श्रावक संस्कार शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उक्त जानकारी समाज के अध्यक्ष अनूप जैन एवं युवा मंडल के अध्यक्ष सिद्धांत जैन ने दी।

### मुस्लिम समाज ने मनाया आज़ादी का जश्न



**नारायणपुर।** अंजुमन इस्लामिया कमेटी नारायणपुर द्वारा हर साल की तरह इस साल भी यौम ए आजादी 15 अगस्त का जश्न धूमधाम से मनाया गया। स्थानीय जामा मस्जिद के सामने पुराने जमात खाना के परिसर में मुस्लिम समाज के वरिष्ठ नागरिक एम एच फ़ारूक़ी के मुख्य आतिथ्य में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया गया। इस दौरान राष्ट्रगान के बाद हिन्दुस्तान के जयकारे का नारा बुलंद किया गया। यौमे आज़ादी का जश्न गरिमामय तरीके से मनाते हुए मुस्लिम समाज के लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर स्वतंत्रता दिवस की मुबारकबाद दी । ध्वजारोहण के बाद वतन हिन्दुस्तान में अमन,खुशहाली व तरक्की की दुआ की गई। इस मौके पर सदर मोहम्मद इमरान खान, कार्यकारी सदर मोहम्मद इलियास, कार्यकारी सदर सैयद अख्तर अली,नायब सदर मौलाना अबुल वफ़ा क़ादरी, नायब सदर मोहम्मद आरिफ, मुतवल्ली शेख अकबर, मोहम्मद इकबाल कुरैशी, इशरत रज़ा, एसबी फरीदी,शेख तनवीर, शेख महमूद, तमीज फारूकी, शेख यूसुफ़, अब्दुल हबीब फारूकी, हाफिज रब्बानी, मोहम्मद फिरोज,हाजी मोहम्मद जावेद, मौलाना मुबारक, अब्दुल रहीम, अली अंसारी, सादिक भाई, मोहम्मद शकील खान, इमामुदीन अंसारी, शहजाद अंसारी, जलाल भाई, हुसैन खान, वाशिम, जावेद मिर्जा, परवेज़,निसार सहित बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग मौजूद रहे।

### बाखरा में सेवानिवृत्त व पदोन्नत शिक्षकों को समारोह में दी विदाई



**कोण्डागांव।** गत सत्र 2024–25 में संकुल केन्द्र बाखरा राजागांव, विकासखंड कोंडागांव के सेवानिवृत्त एवं पदोन्नत होकर अन्यत्र गए शिक्षकों को संकुल परिवार की ओर से समारोह आयोजित कर सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। प्राथमिक शाला बाखरा के प्रधानपाठक एल.डी. कोर्राम ने शिक्षा विभाग में लगभग 39 वर्ष की सेवा देने के बाद सेवानिवृत्ति प्राप्त की। इनके अलावा उच्च प्राथमिक शाला कुकाड़गारकापाल के प्रधान पाठक शंकरलाल बोध ने 43 वर्षों तक शिक्षा विभाग में सेवाएं दीं और सेवानिवृत्त हुए। प्राथमिक शाला मड़ईभाटा राजागांव के सहायक शिक्षक गेंदलाल नायक को प्रधानपाठक पद पर पदोन्नत कर अन्य संकुल में पदस्थ किया गया। युक्तियुक्तकरण के तहत सहायक शिक्षक दिनेश कुमार उसेंडी को प्राथमिक शाला बाखरा से अन्य संकुल में स्थानांतरित किया गया। सेवानिवृत्त शिक्षकों एल.डी. कोर्राम और शंकरलाल बोध को कांसा थाली, साल–श्रीफल, डायरी–पेन एवं गुलदस्ता प्रदान कर सम्मानित किया गया। गेंदलाल नायक एवं दिनेश उसेंडी को भी साल–श्रीफल, डायरी–पेन और गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया। विदाई प्राप्त शिक्षकों ने संकुल परिवार के साथ अपने शैक्षिक जीवन के अनुभव साझा किए। कार्यक्रम उपरांत सभी के लिए न्यौता भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन मया राम सलामे शिक्षक, उ.प्रा. शाला बाखरा ने किया। यह आयोजन संकुल प्रभारी प्राचार्य श्वेता कर्ष, संकुल समन्वयक राजू राम दीवान एवं नरेंद्र कुमार जैन के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

# 21 परिवारों ने लगाए 21 पीपल के पौधे

**पर्यावरण के पीपल्स केयर संस्था का प्रयास सराहनीय : कश्यप**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अलग खबर

पीपल्स केयर संस्था ने रविवार को ग्राम पंचायत तितिरगांव में एक विशेष पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर गांव के दो तालाबों की मेड़ पर 21 परिवारों द्वारा 21 पीपल के पौधे विधिवत पूजा अर्चना के साथ लगाए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद महेश कश्यप एवं विशिष्ट अतिथि सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष दशरथ कश्यप उपस्थित रहे।

ग्रामवासियों ने परंपरागत रीति-रिवाजों से

#### संरक्षण का लिया संकल्प

सांसद महेश कश्यप, दशरथ कश्यप व अन्य अतिथियों का भव्य स्वागत किया। अतिथि ग्रामीणों के साथ तालाब परिसर तक पहुंचकर पूजा-पाठ के बाद 21 परिवारों ने 21 पीपल के पौधे लगाकर उन्हें संरक्षित रखने का संकल्प लिया। सांसद ने कहा कि पीपल का वृक्ष सबसे अधिक ऑक्सीजन देने वाला पेड़ है। इसकी आयु लंबी होती है और यह हमारे सनातन संस्कृति व धार्मिक परंपराओं से जुड़ा है। पीपल्स केयर संस्था द्वारा तालाबों के चारों ओर पीपल व नीम के पौधे लगाकर उन्हें मजबूत ट्री-गार्ड से सुरक्षित करने का जो कार्य किया जा रहा है, वह प्रशंसनीय और प्रेरणादायी है। उन्होंने आगे कहा कि पीपल्स केयर संस्था केवल बस्तर ही नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ के कई जिलों में पर्यावरण संरक्षण के कार्यों में सक्रिय है। यह प्रयास समाज के लिए प्रेरणा स्त्रोत है।

#### प्रधानमंत्री के आव्हान से प्रेरित होकर कार्य का विस्तार

पीपल्स केयर संस्था के प्रमुख सुरेश यादव ने बताया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक पेड़ माँ के नाम आह्वान से प्रेरित होकर संस्था ने अपने कार्यों का विस्तार किया है। संस्था का उद्देश्य सिर्फ पौधारोपण करना ही नहीं,बल्कि पौधे को संरक्षित कर वृक्ष का रूप देना भी है। पौधारोपण कार्यक्रम में ग्राम सरपंच खिरमनी कश्यप,शौडिक समाज अध्यक्ष सुरेश गुप्ता,प्रदीप गुहा,मेहरू राम कश्यप, कृष्ण प्रसाद पाणिग्रही,किशोर बघेल,शीला त्रिवेदी,आरएस पिल्लई,टीके शर्मा, जमावती यादव,सुमित्रा निषाद,गायत्री शिक्षण संस्थान के पदाधिकारीगण बड़ी संख्या में ग्रामवासी, जनप्रतिनिधि, युवा वर्ग एवं पीपल्स केयर संस्था के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



#### गायत्री शिक्षण संस्थान में पौधारोपण

सांसद महेश कश्यप ने तितिरगांव स्थित गायत्री शिक्षण संस्थान में पहुंचकर संस्थान परिवार के साथ 11 बादाम के पौधे लगाए और विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष दशरथ कश्यप ने कहा तालाब की मेड़ पर पीपल के पौधे लगाने से न केवल तालाब पीढ़ियों तक सुरक्षित रहेगा, बल्कि हमारा सनातन धर्म भी और अधिक मजबूत होगा।

**कार्रवाई : आरोपियों से नकदी, जेवर व एक बाइक जब्त**

# चोर गिरोह के 2 सदस्य गिरफ्तार नकद और बाइक की गई बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- रिपोर्ट के कुछ घंटों में पुलिस ने पकड़े चोर

थाना माकड़ी क्षेत्र के नयापारा में हुई चोरी की घटना का पुलिस ने त्वरित खुलासा करते हुए मात्र कुछ ही घंटों में 2 अंतर्राज्यीय चोर गिरोह को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों से निद, सोने–चांदी के जेवर और एक मोटरसाइकिल सहित कुल 3 लाख 82 हजार 820 का माल बरामद किया गया है।

अपराध दर्ज होने के कुछ ही घंटों में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी चोरी से पहले सूने मकानों की रेकी करते थे।1,02,820 नकद, लगभग 2 लाख के आभूषण और 80 हजार की मोटरसाइकिल जब्त। आरोपी पूर्व में भी चोरी के मामलों में जेल जा चुके हैं। प्रार्थी रत्ना दास ने 12 अगस्त को घर में चोरी की रिपोर्ट थाना माकड़ी में दर्ज कराई। पुलिस अधीक्षक वाय. अक्षय कुमार के निर्देश पर विशेष टीम गठित की गई। साइबर सेल व पुलिस टीम ने तकनीकी जांच और पूछताछ के आधार पर संदेहियों को पकड़ा। पूछताछ में आरोपियों ने जुर्म कबूल किया।



**गिरफ्तार आरोपी** – श्रवण कुमार कोर्राम, पिता मनेहर कोर्राम, उम्र 35 वर्ष, ग्राम चरकई थाना फरसगांव। छत्र कुमार ध्रुव, पिता सुखलाल ध्रुव, उम्र 37 वर्ष, तहसील पारा, इंडियन गैस के सामने, कोण्डागांव। दोनों ने बताया कि वे जुए की लत में बड़े पैसे हार गए थे और अधिक धन कमाने के लालच में चोरी की वारदात को अंजाम दिया।

**टीम की रही सराहनीय भूमिका** – निरीक्षक विकास बघेल, निरीक्षक सौरभ उपाध्याय, सउनि गिरीश कतलम सहित थाना माकड़ी, साइबर सेल एवं जवानों की टीम की त्वरित कार्रवाई से अंतर्राज्यीय चोर गिरोह को दबोचा गया।

# राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मियों की आज से अनिश्चितकालीन हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

- स्वास्थ्य सेवा प्रभावित होने की संभावना
- हजारों कर्मचारी होगे आंदोलन में शामिल

एनएचएम कर्मचारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अमित कुमार मिरी, प्रदेश महासचिव कौशलेश तिवारी,जिला अध्यक्ष प्रदीप देवांगन , छत्रपाल साहू ने सयुंक्त बयान जारी कर जानकारी दी कि सरकार के बेरुखी एवं अड़यिल रवैया से परेशान कर्मचारियों ने इस बार आंदोलन को अनिश्चित कालीन करने का निर्णय लिया गया है। 15 अगस्त 2025 को सरकार की ओर से मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया गया है, जिससे नाराज प्रदेशभर के 16 हजार से अधिक एनएचएम कर्मचारी अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार एवं काम बंद,कलमबंद हड़ताल करेंगे। इस बार संघ ने एसएनसीयू में विशेष नवजात शिशु देखभाल इकाई सहित आपातकालीन सेवा भी बंद रहेंगी। स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित होंगी।

पदाधिकारियों ने बताया कि एनएचएम कर्मचारी विगत 20 वर्षों से प्रदेश के सुदूर अंचलों से लेकर प्रमुख शासकीय संस्थानों में स्वास्थ्य सेवा की रीढ़ बने हुए हैं। कोविड-19 महामारी जैसे संकट में भी इनकी भूमिका अतुलनीय रही है। इसके बावजूद, आज भी उन्हें मूलभूत सुविधाओं से वंचित रखा गया है, जबकि अन्य राज्यों में इसी मिशन के कर्मचारियों को बेहतर सुविधाएं प्राप्त हैं। कर्मचारी नेताओं का कहना है कि चुनाव घोषणा पत्र में मोदी की गारंटी में नियमितीकरण का वादा भी किया गया था। बावजूद इसके, पिछले 20माह में 160 से अधिक बार ज्ञापन व आवेदन देने के बाद भी सरकार की ओर से कोई समाधान नहीं निकल पाया।

#### मांगें

मांगों में संविलियन/स्थायीकरण, पब्लिक हेल्थ कैडर की स्थापना, ग्रेड पे का निर्धारण, कार्य मूल्यांकन व्यवस्था में पारदर्शिता, लंबित 27% प्रतिशत वेतनवृद्धि, नियमित भर्ती में सीटों का आरक्षण, अनुकम्पा नियुक्ति, मेडिकल एवं अन्य अवकाश की सुविधा, स्थानांतरण नीति, न्यूनतम 10 लाख कैशलेश चिकित्सा बीमा, 20 वर्षों की सेवा आदि शामिल हैं।

# उत्कृष्ट कार्य पर जोबा के रोजगार सहायक हरदेव हुए सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित समारोह में हुआ सम्मान

79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कोंडागांव में आयोजित समारोह में ग्राम पंचायत जोबा के रोजगार सहायक हरदेव पवार को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। उन्हें कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना और विधायक सुश्री लता उसेंडी ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। यह सम्मान श्री पवार को राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना मनरेगा के तहत वर्ष 2024–25 में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए दिया गया। उन्होंने अपने पंचायत क्षेत्र में सर्वाधिक 9225 मानव दिवस का काम दिलवाकर ग्रामीणों के रोजगार में महत्वपूर्ण योगदान दिया। यह उपलब्धि मनरेगा के सफल क्रियान्वयन को दर्शाती है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है। इस दौरान कलेक्टर और विधायक ने श्री पवार के प्रयासों की सराहना की और अन्य कर्मचारियों को भी उनसे प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

# सभापति लीलावती ने कृषि कार्यालय में फहराया तिरंगा

**फरसगांव।** 79 वें स्वतंत्रता दिवस को कोंडागांव जिले में धूमधाम के साथ मनाया गया । वहीं फरसगांव नगर में स्थित कृषि कार्यालय में जनपद सदस्य व कृषि सभापति श्रीमती लीलावती नेताम के द्वारा ध्वजारोहण किया गया । साथ ही उपस्थित सभी लोगों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई शुभकामनाएं भी दिए । इस दौरान कृषि विभाग के शेषमणी पाण्डेय, देवमणि मरकाम, रमेश मरकाम , अनिल मरकाम , मेघनाथ साहू , रोहित नाग सहित अन्य लोग उपस्थित रहे ।





#### ध्वजारोहण...

**कोण्डागांव।** एनसीसी ग्राउंड स्कूल परिसर में पार्षद मनीष श्रीवास्तव ने किया ध्वजारोहण। इस अवसर पर वार्डवासी, स्कूल के छात्र छात्राएं शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# स्वतंत्रता दिवस पर जिला न्यायालय परिसर में किया गया ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने दी तिरंगे को सलामी

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला न्यायालय परिसर में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीशध्अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती किरण चतुर्वेदी ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी।

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विक्रम प्रताप चन्द्रा ने परिवार न्यायालय परिसर में भारत माता के छायाचित्र पर पूजा–अर्चना कर ध्वजारोहण किया और राष्ट्रगान गाकर तिरंगे को सलामी दी। ध्वजारोहण के पश्चात न्यायाधीश महोदया ने न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण एवं न्यायिक कर्मचारियों को संबोधित करते हुए स्वतंत्रता दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह दिन स्वतंत्रता, समानता और बंधुता जैसे लोकतांत्रिक मूल्यों को आत्मसात करने का प्रतीक है। इस अवसर पर जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश एफ.टी.एस.सी. पॉक्सो श्रीमती यशोदा नाग मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती रेशमा बैरागी पटेल सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुश्री गायत्री साय सहित जिला सत्र न्यायालय के समस्त अधिवक्तागण, न्यायिक कर्मचारीगण एवं अधिकार मित्र उपस्थित रहे।




## पेज 9 के शेष

### बस्तर दशहरा की...

पर्व के ऐतिहासिक स्थलों का राजस्व रिकार्ड के आधार पर संरक्षित किया जाना है। उन्होंने कहा कि दशहरा पर्व के शासन द्वारा दी गई बजट के अलावा स्थानीय स्तर राष्ट्रीय कंपनियों से भी बजट की राशि बढ़ाने के लिए चर्चा किया गया है। बस्तर के पर्यटन स्थलों को अब यूनेस्को जैसी संस्थान द्वारा पुरस्कार दे रही है। पर्यटक बस्तर दशहरा के साथ सभी पर्यटन स्थलों का भ्रमण करेंगे, ये पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। दशहरा पर्व के इस बार संभाग के सातों जिलों से देवी देवताओं का आगमन हो इसके लिए जनप्रतिनिधि, प्रशासन के साथ चर्चा की जाएगी। बैठक में सांसद एवं बस्तर दशहरा समिति के अध्यक्ष महेश कश्यप, महापौर संजय पांडेय, नगर निगम सभापति खेम सिह देवांगन, माटी पुजारी बस्तर राजपरिवार के कमलचंद भंजदेव, कलेक्टर हरिस एस, पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रतीक जैन, वन मंडलाधिकारी उत्तम गुप्ता, अपर कलेक्टर बस्तर सी पी बघेल, ऋषिकेश तिवारी, अपर कलेक्टर नारायणपुर पंचभोई, आयुक्त नगर पालिक निगम प्रवीण वर्मा , तहसीलदार एवं बस्तर दशहरा समिति के सचिव रुपेश मरकाम सहित मांझी, चालकी, मेम्बर, मेम्बरिन, पुजारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन...

केन्द्र बकावंड के डॉ. दिपाली साहू, डॉ. सत्यम ठाकुर, डॉ. सुलेखा कंवर, डॉ. नैतिक मंडावी, डॉ. प्रियंका सिकरवार, रजविंदर कौर, गीता राव, हेमलता बंजारे, निरती कश्यप, हिरामनी कश्यप, ममता मौर्य, संजीव, विमलेश पैकरा, गंगाधर पात्रों आदि एनएचएम कर्मचारी काम बंद कलम बंद हड़ताल में शामिल होंगे। खंड चिकित्सा अधिकारी को एनएचएम कर्मचारियों ने ज्ञापन दिया।

**एनएचएम कर्मचारियों की प्रमुख मांगे-** एनएचएम कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में संविलियन, स्थायीकरण पब्लिक हेल्थ कैडर की स्थापना ग्रेडपे का निर्धारण कार्य मूल्यांकन व्यवस्था में पारदर्शिता लंबित 27 प्रतिशत वेतनवृद्धि नियमित भर्ती में सीटों का आरक्षण अनुकंपा नियुक्ति मेडिकल एवं अन्य अवकाश की सुविधा स्थानांतरण निति न्यून्तम 10 लाख केशलेश चिकित्सा बीमा शामिल है।

**20 वर्षो की सेवा फिर भी उपेक्षा-** एनएचएम कर्मचारी विगत 20 वर्षो से प्रदेश के सुदुर अंचलो सेलेकर प्रमुख शासकीय संस्थाओ में स्वास्थ्य सेवा की रीढ़ बने हुए है। कोविड 19 महामारी जैसे संकट में भी इनकी भूमिका अतुलनीय रही है इसके बावजूद आज की उन्हे मूलभूत सुविधा ओसे वंचित रखा गया है, जबकि अन्य राज्यो में इसी मिशन के कर्मचारियो को बेहतर सुविधाए लाभ प्राप्त है।

### विद्यार्थियों के साथ...

अनेक नागरिक भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

अतिथियों ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन छात्रों में स्वास्थ्य, अनुशासन और जागरूकता की भावना को सशक्त बनाते हैं। मुख्य अतिथियों ने फिटनेस को समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बताते हुए युवाओं से आह्वान किया कि वे निरंतर खेलों और शारीरिक गतिविधियों से जुड़े रहें। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी ही देश का भविष्य है और यदि वह खेलों में सक्रिय भागीदारी करेगी तो निश्चित रूप से समाज और राष्ट्र दोनों प्रगति की राह पर आगे बढ़ेंगे। कार्यक्रम को शहर के लिए प्रेरणादायी पहल बताते हुए उन्होंने इसे सराहनीय कदम कहा और इस तरह के आयोजनों की निरंतरता बनाए रखने पर बल दिया। उनका कहना था कि जेसीआई जगदलपुर सिटी ने जिस लगन और भव्यता के साथ इस आयोजन को संपन्न कराया है।

कार्यक्रम के दौरान संजय दीवान, राहुल पारेख, मनोज थॉमस, हनुमान डोडिया सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। वहीं अध्यक्ष प्रतिक चिखलिकार, सचिव गौरव डोडिया, कार्यक्रम निदेशक विशाल दुल्हानी के साथ आकाश गुप्ता, तक्ष लुंकड, टीम मेम्बेर्स- नितेश सिंह चौहान, श्रीपाल जैन, आकाश चांडक, अनिल माद्दी, नरेंद्र लाहोटी, सूरज कश्यप, विपिन मालवीय, गौतम पारेख, पियूष हेळीवाल, गौतम राव, कुंदन चंदक, यश बोथरा और अन्य सदस्य भी सक्रिय रूप से जुड़े रहे। आयोजक मंडल ने बताया कि इस आयोजन को सफल बनाने में पुलिस विभाग, ट्रैफिक विभाग और स्वास्थ्य विभाग का पूरा सहयोग मिला।

**विजेता किए गए सम्मानित-** इसके बाद विजेताओं को सम्मानित किया गया, जिसमें प्रथम पुरस्कार आदित्य विश्वकर्मा जिन्हें 11000 रुपए दिया गया। द्वितीय स्थान में प्रखर आजाद जिन्हें 7000 तथा तृतीय स्थान हिमांशु कश्यप में जिन्हें 5000 पुरस्कार नगद प्रदान किए गए। इसके साथ ही कई प्रतिभागियों को प्रोत्साहन स्वरूप सहायक पुरस्कार भी दिए गए।

### क्रेडा सीईओ ने...

का औचक निरीक्षण किया गया।

**संयंत्रों की कार्यशीलता का रात्रिकालीन निरीक्षण-** इस दौरान क्रेडा सीईओ राणा द्वारा जिला बस्तर अंतर्गत सौर संयंत्रों की कार्यशीलता का रात्रिकालीन निरीक्षण भी किया। जिसमें उनके द्वारा विकासखण्ड-जगदलपुर के ग्राम-आड़ावाल में हनुमान मंदिर के पास स्थापित सोलर हाई मास्ट संयंत्र का रात्रि में निरीक्षण किया गया। जिसमें संयंत्र कार्यशील पाया गया। श्री राणा द्वारा आस-पास स्थित दुकानों के व्यापारियों से चर्चा की गई,जिसमें संयंत्र स्थापित होने के बाद रात्रिकालीन समय में आवागमन सुगम होना बताया गया। राणा द्वारा संबंधित जिला प्रभारी को निर्देश दिये गये कि सोलर हाई मास्ट संयंत्रों की कार्यशीलता पर विशेष ध्यान दिया जावे एवं ऐसी इकाइयां जिनके द्वारा स्थापित सोलर हाई मास्ट का संचालन-संधारण वारंटी अवधि के दौरान नही किया जा रहा है। उनकी प्रतिभूति राशि काटे जाने के लिए यथाशीघ्र प्रस्ताव प्रधान कार्यालय को प्रेषित किया जाए।

**अधिकारियों ने सतत निरीक्षण के दिये निर्देश-** राणा द्वारा स्थलों के निरीक्षण उपरांत वहां उपस्थित क्रेडा के अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि क्रेडा के विभिन्न परियोजना अंतर्गत चल रहे कार्य जैसे जल जीवन मिशन,सौर सुजला योजना,सोलर हाई मॉस्ट संयंत्र,सोलर पॉवर प्लांट एवं अन्य संयंत्रों के स्थापना के दौरान सतत स्थल निरीक्षण करते हुये निविदा के मापदण्डानुसार गुणवत्ता सुनिश्चित कराते हुये कार्य ससमय पूर्ण करावे। राणा द्वारा निरीक्षण के दौरान जिला अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिये गये कि मैदानी क्षेत्रों में स्थापित संयंत्रों की कार्यशीलता रात्रिकालीन स्थिति में भी अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाये।

## खबर संक्षेप

### रोटरी क्लब ने धुरगुड़ा विद्यालय में स्थापित किए बच्चों के लिए झूले



**जगदलपुर।** रोटरी क्लब ने 79 वां स्वतंत्रता दिवस अनोखे तरीके से मनाया। इस अवसर पर रोटरी क्लब जगदलपुर ने बच्चों के लिए आकर्षक झूले बनवाए और उन्हें धुरगुड़ा प्राथमिक विद्यालय में स्थापित किया। उद्यान का नाम पुष्पी वाटिका रखा गया जो स्व. पुष्पी अग्रवाल की स्मृति में बनाया गया है। इसके साथ 50 फलदार पौधों का पौधारोपण किया, बच्चों को मिठाइयां एवं तोहफे दिए। इस कार्यक्रम में रोटरी अध्यक्ष राहुल जैन, सचिव अमरदीप सोढ़ी, अर्चना जैन, कमल सेठी, सौरभ अरोड़ा, कुलजीत सिंह, निखिल दीवान, मनोज थॉमस,अंकित अग्रवाल, मोहित गोंदी,अयाज चामड़िया, संजय बथवाल,प्रकाश चावड़ा, विवेक जैन, सुनील जैन,नितेश चौहान, संदीप पारेख,मनिहार मद्दी, आसिफ खान, विवेक सोनी एवं रोटरी सदस्य उपस्थित रहे। ये जानकारी क्लब के मीडिया प्रभारी संग्राम सिंह राणा ने दी।

### अमर वाटिका में पुष्प चक्र अर्पित कर शहीदों को नमन



**जगदलपुर।** केन्द्रीय आवास एवं शहरी कार्य राज्यमंत्री तोखन साहू ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अमर वाटिका परिसर पहुंचकर अमर जवान स्मारक में पुष्प चक्र अर्पित कर शहीदों को नमन किया। इसके उपरांत शहीदों की नाम पट्टिका का अवलोकन कर पुष्प अर्पित की।

### शहीद स्मारक में केन्द्रीय राज्य मंत्री ने दी श्रद्धांजलि



**जगदलपुर।** केन्द्रीय आवास एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शहीद स्मारक पहुंचकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा एवं अमर शहीदों को माल्यार्पण किया।

### निधन

#### रीना सिंह



**जगदलपुर।** शहर निवासी रीना सिंह पति दिलीप सिंह पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी सुकमा का 16 अगस्त मे स्वर्गवास हो गया। वे अपने पीछे एक पुत्र एवं एक पुत्री सहित भरापुरा परिवार छोड़ गई। वें सुकमा में विगत 25 वर्षों से शिक्षा विभाग में विभिन्न पदों पर कार्यरत रही। रविवार को खड़कघाट स्थित मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम यात्रा में परिजन समेत शहर के व्यक्ति सम्मलित हुए।

# आप ने निकाली शहर में तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



स्वतंत्रता पर आम आदमी पार्टी द्वारा शहीद स्मारक से भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और आम नागरिक शामिल हुए, जिन्होंने देशभक्ति के गीतों और नारों के साथ स्वतंत्रता दिवस की खुशियां मनाईं।

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता समीर खान ने कहा कि तिरंगा देश के हर नागरिक के भीतर देश प्रेम और ईमानदारी की भावना जगाने का प्रतीक है। उन्होंने शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि देश को आजादी दिलाने में जिन वीर सपूतों ने अपने प्राण न्यौछावर किए,उन्हें हमेशा याद रखा जाएगा। कार्यक्रम में उपस्थित नेताओं और कार्यकर्ताओं ने देशभक्ति के नारों के साथ यात्रा का समापन किया और एकता, भाईचारे एवं राष्ट्र निर्माण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में शुभम सिंग, आरती पटनायक,राकेश कश्यप, ईस्वर,रामलाल, सोनू, मुकेश सुकू, आरिब खान,नुरेन, शिवलाल कश्यप,मोहन यादव मौजूद थे।

# मिलन संघ में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास मना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



स्वाधीनता दिवस को मानने मिलन संघ के सदस्य बड़ी संख्या में मिलन संघ के वरिष्ठ सदस्य वासु देव हालदार, अध्यक्ष सुब्रतो विश्वास ने ध्वजारोहण कर स्वतंत्रता दिवस मनाया। संघ अध्यक्ष ने कहा देश को आजाद करवाने जिन महात्माओं ने अपनी कुर्बानी दी उन सभी को हम नमन करते है। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष श्याम घोष गोविंद भट्टाचार्य,सचिव अमित दास,कोषाध्यक्ष चेतन दास,चंदन चक्रवर्ती,मणिलाल सरकार,राज घोष,संजय सरकार ,संजय जाना,महेश चक्रवर्ती,गोविंद नाथ,राज कुमार विश्वास,राम नाथ,प्रवीर पाल,हरी सिंह पाल,रघु सिंह ठाकुर,लक्ष्मी दास,शेखर दास,पार्वती मालाकार,दीपाली डे,मीरा नाथ,दीपा हालदार,माया हालदार,रेनू बाला सरकार,पुतुल नाथ सहित ओरेगा कालोनी प्राथमिक शाला के बच्चे प्रधान अध्यापिका सहित अन्य अनेक लोग उपस्थित रहे। अंत में सभी को मिष्ठान वितरण किया गया।

## ध्वजारोहण कर शहीद एएसपी को दी गई श्रद्धांजलि

# गमगीन हुआ कोंटा थाना परिवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा



प्रति वर्ष की भांति कोंटा विकासखंड मुख्यालय में 79वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ । थाना परिसर में पुलिस अनुविभाग अधिकारी रजत नाग ने ध्वजारोहण किया। तत्पश्चात थाना प्रभारी सलीम काका एवं भाजपा नेता सोयम मुका पी विजय मोहम्मद शम्मी थाना परिवार के साथ शहीद एएसपी आकाश राव गिरपूंजे और अन्य जवानों के छायाचित्रों पर माल्यार्पण पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि थाना परिसर में दी गई । यह वह क्षण था थाना परिवार एक बार फिर गमगीन हुआ । वहीं स्वतंत्रता दिवस के इस अवसर पर गांधी चौक से लेकर अंबेडकर चौक तक सभी विभागीय कार्यालयों में तथा शैक्षणिक संस्थाओं में ध्वजारोहण प्रभात फेरी के साथ स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नगर के अंतिम वार्ड पुरानी बस्ती स्थित गांधी चौक में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रतिमा पर माल्यार्पण पुष्प अर्पित कर नगर के वरिष्ठ नागरिक मुस्लिम समाज के नायाब सदर उस्मान अली नूर ने ध्वजारोहण की। तो वहीं जय स्तंभ चौक में पूर्व जिपं उपाध्यक्ष कांग्रेस नेता बोड्डू राजा ने उप वन मंडल कार्यालय मैं एसडीओ अशोक सोनवानी नगर पंचायत कार्यालय में अध्यक्ष मौसम जया झम्मन लाल साहू सीएमओ तथा नगर के मुख्य अटल चौक स्थित स्व बलिराम कश्यप प्रतिमा एवं बस स्टैंड परिसर पर स्थित भारत माता प्रतिमा पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सुभाष चतुर्वेदी ने ध्वजारोहण किया पीएम श्री आत्मानंद स्कूल में संस्था प्रमुख ने स्व राजीव गांधी मंच में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुधीर पांडेय ने ध्वजारोहण किया। खंड शिक्षा कार्यालय में बीईओ श्रीनिवास राव ने तो वहीं विकास खंड स्त्रोत



समन्वयक कार्यालय में वीरभद्र राव अंजुमन इस्लामिया कमेटी के मदरसे में वरिष्ठ नागरिक शेख मुनीर ने ध्वजारोहण किया। अंबेडकर चौक में भाजपा के वरिष्ठ नागरिक जेट्टी रामाराव एम राजबाबू जिला उपाध्यक्ष जी साई रेड्डी जनपद पंचायत कार्यालय में कुसुमलता कवासी, उपाध्यक्ष माड़वी हिड़मा, प्रभारी सीईओ गिरिश निंबलकर के साथ ध्वजारोहण किया। सभी शैक्षणिक संस्थाओं में संस्था प्रमुखों द्वारा ध्वजारोहण किया गया।

### एसडीएम ने दिलाई शपथ

कोटा विकासखंड के नगर मुख्यालय में सभी आश्रम छात्रावास स्कूलों व विभागीय कार्यालयों में झंडा फहराए जाने के बाद प्रति वर्ष की भांति एसडीएम व तहसील कार्यालय में नव पदस्थ एसडीएम सुभाष शुक्ला ने ध्वजारोहण कर स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। और नशा मुक्त अभियान के तहत नशा मुक्त का शपथ करवाया । इस अवसर पर नगर के वरिष्ठ नागरिक राजनितिक दलों के नेता सहित सभी संस्थाओं के छात्र छात्राएं व शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद थे।

# शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में मना आजादी का पर्व



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में आजादी का 79वां पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ध्वजारोहण के बाद कुलपति प्रो मनोज कुमार श्रीवास्तव ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि हमारे महापुरूषों ने अपार साहस,सर्वस्व त्याग और अहिंसा रूपी हथियारों के बल पर देश को स्वतंत्र कराया।

प्रो श्रीवास्तव ने उपनिषद के दृष्टांतों का जिक्र करते हुए बताया कि आज के विश्वविद्यालय प्राचीन गुरूकुल के ही नए स्वरूप हैं। आज की तरह प्राचीन गुरूकुल में भी अधिक से अधिक विद्यार्थी होने, प्रतिभासम्पन्न विद्यार्थियों के प्रवेश लेने और विभिन्न क्षेत्र के विद्यार्थियों के प्रवेश पाने की अपेक्षा की जाती थी। विद्यार्थियों को अपने चित्त पर नियंत्रित होने की बात कही जाती थी। हमारे प्राचीन ऋषि-मुनि, गुरू और विद्वान कई विषयों के ज्ञाता होते थे। राष्ट्रीय शिक्षा नीति हमारे डीएनए में है। हमें विश्व गुरू और भारतीय होने के लिए गर्व किए जाने वाले विषयों को जानना चाहिए।

इस अवसर पर अपने शुभकामना संदेश में कुलसचिव डॉ. राजेश लालवानी ने कहा कि विद्यार्थियों को विवि रूपी मंच का बेहतर उपयोग करना चाहिए। विद्यार्थी न केवल स्वाबलंबी बनें बल्कि वे वैश्विक स्पर्धा के अनुरूप बनने का प्रयास करें। हम सभी को अपना जॉब ड्यूटी की तरह नहीं बल्कि एक कर्तव्य की तरह करना चाहिए। इस अवसर पर विवि के वरिष्ठ प्राध्यापक, अधिकारी-कर्मचारी और विद्यार्थी उपस्थित थे। बीएड सहित अन्य कक्षा के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

# एनएमडीसी बचेली ने डीएवी स्कूल में मनाया स्वतंत्रता दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



एनएमडीसी बचेली ने डी ए वी स्कूल प्रांगण में राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस बड़ी धूम-धाम से मनाया। मुख्य अतिथि परियोजना प्रमुख श्रीधर कोडाली, मुख्य महाप्रबंधक, एनएमडीसी बचेली थे। उनके अतिरिक्त जी घोरई, महाप्रबंधक (यांत्रिकी), महेश एस नायर, महाप्रबंधक (मानव संसाधन), जे सी दास, महाप्रबंधक (यांत्रिकी), अजय द्विवेदी, महाप्रबंधक (वित्त), धरमराज, महाप्रबंधक (खनन), सीआईएसएफ सीनियर कमांडेंट आशीष कुमार, के पी बनसोड, उप महाप्रबंधक (सिविल), सौरभ कुमार, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) एवं बीआईओएम, बचेली कॉम्प्लेक्स के विभिन्न विभागाध्यक्षगण तथा श्रमिक संघों के पदाधिकारीगण इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण कर किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि ने स्वतंत्रता दिवस की बधाई अपने उद्बोधन में दी। श्रीधर कोडाली ने अपने संबोधन में स्वतंत्रता के महत्व को रेखांकित करते हुए वीर बलिदानियों के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की। उन्होंने एनएमडीसी बचेली की श्रेष्ठ उपलब्धियों पर भी प्रकाश डाला और सीएसआर के अंतर्गत किए जा रहे विभिन्न कार्यों का उल्लेख किया।

कार्यक्रम की आगे की कड़ी में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ जिसमें बचेली परियोजना स्थित विद्यालयों के बच्चों, तेजस्विनी महिला समिति द्वारा संचालित प्रौढ़ शिक्षा के सदस्यों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। तत्पश्चात पुरस्कार वितरण का आयोजन किया गया।

# 231 बटालियन में हर्षोउल्लाष से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



सुनील भवर कमाण्डेंट के नेतृत्व में 231बटालियन द्वारा 79वां स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन जावंगा में किया गया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सुनील भवर कमाण्डेन्ट द्वारा वाहिनी क्वार्टर गार्ड पर राष्ट्रीय ध्वजारोहण समारोह किया गया व अपना संक्षिप्त संबोधन दिया गया जिसमें जवानों से देश की एकता व समृद्धि में अपना शत-प्रतिशत योगदान देने का आह्वान किया। समारोह में सौरभ राय द्वि कमा अधिकारी, डॉ सुबर्ता मण्डल मुख्य चिकित्सा अधिकारी, संजय कुमार पुनिया उप कमा, प्रताप कुमार बेहेरा उप कमा, डॉ रवि प्रकाश सुनकर वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी एवं बड़ी संख्या में जवान उपस्थित रहे।

# शिवमंदिर में महिला मंडली ने किया भजन-कीर्तन...



**जगदलपुर।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर पुराना हाऊसिंग बोर्ड कालोनी के शिवमंदिर में कालोनी निवासी महिला मंडली ने शनिवार की रात को भजन-कीर्तन किया।

# शैक्षणिक संस्थानों में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास मना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



संकुल केंद्र कारली अंतर्गत सभी शैक्षणिक संस्थानों में 79वां स्वतंत्रता दिवस बड़े ही हर्षोल्लास और गौरवपूर्ण वातावरण में मनाया गया। तिरंगा फहरते ही राष्ट्रगान की गूंज से पूरा वातावरण देशभक्ति के रंग में रंग गया। प्रभात ध्वजारोहण के पश्चात विद्यार्थियों द्वारा निकाली गई प्रभात फेरी में देशभक्ति के गीतों और नारों से गलियां गूंज उठीं। विद्यालय प्रांगण में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बच्चों ने भाषण, कविता, गीत एवं नृत्य प्रस्तुत कर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान को याद किया। बच्चों की प्रस्तुति ने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। इस अवसर पर साक्षरता परीक्षा में सम्मिलित हुए असाक्षरों को साक्षरता प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यालयों में सामूहिक नेवता भोज का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों के साथ अतिथियों, जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों एवं ग्रामवासियों ने भी सहभागी होकर स्वतंत्रता दिवस के उल्लास को साझा किया। यह भोज केवल भोजन का नहीं, बल्कि परस्पर सहयोग और सामाजिक समरसता का प्रतीक रहा। इस अवसर पर ग्राम पंचायत कारली, बड़ेकरली झाड़ियांबाडम के सरपंच, कारली जनपद क्षेत्र की जनपद सदस्य, खण्ड शिक्षा अधिकारी गीदम, प्राचार्य संकुल समन्वयक स्थानीय जनप्रतिनिधि, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं सदस्य, शिक्षकगण और सैकड़ों की संख्या में विद्यार्थी एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# विद्यालय में धूमधाम से मना स्वतंत्रता दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा

विकासखंड बस्तर के अंतर्गत ग्राम पंचायत घाटलोहंगा में संचालित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं बालक छात्रावास में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। हाई स्कूल के प्राचार्य जनप्रतिनिधियों के उपस्थिति में ग्राम सरपंच दिया भद्रे ने विद्यालय प्रांगण में ध्वजारोहण कर समारोह का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में नृत्य, गीत और भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। इसी बीच मंच संचालक ने एक भावपूर्ण पंक्ति प्रस्तुत की, जिसे उपस्थित जनों ने जोरदार तालियों से सराहा। सिर्फ तिरंगा लहरा देने से देशभक्ति या आज़ादी नहीं, जब तक हर गरीब का पेट न भरे और हर आदमी के हाथ में काम न मिले, तब तक आज़ादी अधूरी है।

प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने मनमोहक नृत्य, गीत और भाषण प्रस्तुत किए। इसके पश्चात ग्राम के वरिष्ठ नागरिकों, पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों की उपस्थिति में छात्र-छात्राओं को मिष्ठान वितरण किया गया।

6 से 10 मार्च तक पंचमढ़ी में आयोजित नेशनल एडवेंचर प्रोग्राम में भाग लेने वाले स्टीफन कुमार मेश्राम, अंकितेश बघेल, तरुण कुमार नाग और ओमप्रकाश भारती को भी प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य श्याम सुन्दर पांडे समेत ग्राम सरपंच दिया भद्रे, उपसरपंच यमुना तिवारी, पूर्व सरपंच डमरूधर बघेल और चंपा बघेल, वार्ड पंच बेलमती यादव, फूल सिंह बघेल, पार्वती बघेल, अरावती तिवारी, मीडिया प्रभारी तुलसीराम ठाकुर, वरिष्ठ नागरिक गदाधर ठाकुर, बुलकु बघेल, सोनसाय नाग, लीलेश देवांगन, तोमेश कुमार कौशल, रोमांचल पांडे एवं स्कुल के समस्त स्टाफ और बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे

# शिक्षकों ने किया मरीजों को फल वितरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बस्तर में बस्तर विकासखंड के शिक्षकों के द्वारा आज मरीजों को फल वितरण कर उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना के साथ सौजन्य भेंट किया गया। बस्तर विकासखंड के शिक्षक समुदाय द्वारा प्रत्येक महीने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बस्तर एवं सिविल अस्पताल भानपुरी में जाकर मरीज का हाल-चाल पूछा जाता है और उन्हें शीघ्र स्वास्थ्य लाभ करने हेतु उत्साह वर्धन करते हुए पौष्टिक फल इत्यादि वितरण का क्रम अनवरत रूप से चलाया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बस्तर में बस्तर विकासखंड के शिक्षकों द्वारा फल वितरण का कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर से समीर मिश्रा, राकेश शर्मा सिंह, केशव कश्यप, ओमप्रकाश ध्रुव,मनोज सिंह, जितेंद्र सोरी,कैलाश विश्वकर्मा, सेवानिवृत शिक्षक गोरेलाल एवं बड़ी संख्या में शिक्षकों की उपस्थित रहे। वहीं शिक्षक संगठन द्वारा चिकित्सकों के निस्वार्थ सेवा भाव की भी सराहना करते हुए उनके पूरे स्टाफ के प्रति आभार प्रकट किया गया।

# पॉलिटेक्निक में उत्साहपूर्वक मना स्वतंत्रता दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



शहर के धरमू माहरा शासकीय कन्या पॉलिटेक्निक में 79 वां स्वतंत्रता दिवस बड़े उत्साह और गर्व के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्राचार्य एसके त्रिवेदी, फैकल्टीज, स्टाफ तथा छात्राएं एकत्रित होकर देशभक्ति की भावना में सराबोर नजर आएं। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराने के साथ हुआ, जिसके पश्चात उन्होंने स्वतंत्रता दिवस के महत्व और देश के विकास में युवाओं की भूमिका पर प्रेरणादायक संबोधन दिया। इसके बाद छात्राओं ने मातृभूमि के सम्मान में मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियां दीं तथा हृदय को स्पर्श करने वाले देशभक्ति गीत गाकर सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर व्याख्याता हेमचंद्र देवांगन ने भी एक सुंदर देशभक्ति गीत प्रस्तुत की। कार्यक्रम के दौरान एनएसएस के विद्यार्थियों को उनकी आवश्यक सेवाओं और कार्यों को सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर बी प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। मंच संचालन का दायित्व व्याख्याता एंजेलिन मैथ्यू और मीनाक्षी राव ने कुशलता से निभाया। इस अवसर को और यादगार बनाने के लिए सभी ने मिलकर परिसर में पौधारोपण किया, जिससे पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम का समापन वरिष्ठ व्याख्याता डॉ. नमिता अग्रकर द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। साथ ही पिछले सप्ताह संस्था में बढ़-चढ़ कर छात्राओं ने हर घर तिरंगा अभियान में भी भाग लिया, जिसमे मानव श्रृंखला और रैली निकल कर अभियान का संदेश और जागरूकता फैलाया।

# खबर संक्षेप

## बीएसएनएल का फ्रीडम प्लान ग्राहकों के लिए लाभदायक

**जगदलपुर।** भारत संचार निगम लिमिटेड ने स्वतंत्रता दिवस पर्व माह में नए ग्राहकों और एमएनपी के लिए एक बेहद आकर्षक फ्रीडम प्लान एक अगस्त से शुरू किया है। प्लान के तहत मात्र एक रूपए रिचार्ज के साथ, बीएसएनएल का 4जी, 5जी सिम फ्री में दिया जा रहा है। साथ ही अन्य ऑपरेटर के सिम को मात्र एक रूपए में बीएसएनएल में एमएनपी करने की सुविधा है। इसमें 30 दिन वैलेडिटी के साथ 2 जीबी डेटा प्रति दिन, 100 एसएमएस/दिन और असीमित कॉल की सुविधा भी है इस प्लान की वैधता 31 अगस्त तक है। यह प्लान नए सिम या एमएनपी के साथ बीएसएनएल के सभी ग्राहक सेवा केंद्र, फ्रैंचाइजर, रिटेलर या डीएसए से लिया जा सकता है। प्रधान महाप्रबंधक बीएसएनएल बस्तर शरतचंद्र तिवारी ने बताया कि बीएसएनएल बस्तर में 4 जी सेवाओं के लगातार विस्तार के साथ ग्राहकों की सुविधा के लिए किफायती प्लान भी उपलब्ध करा रहा है। इस प्लान का नए ग्राहकों द्वारा स्वागत किया गया और बीएसएनएल को इसका अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। बीएसएनएल ने अपने सभी ग्राहक सेवा केंद्र के अतिरिक सभी जिलों के प्रमुख स्थानों में मेला का आयोजन कर फ्रीडम प्लान के तहत सिम उपलब्ध करा रहा हैं और जिसका एक्टिवेशन बीएसएनएल द्वारा 10 मिनिट के अंदर सुनिश्चित किया गया है। इस प्लान में इस माह 2900 से ज्यादा सिम नए ग्राहकों को दिए जा चुके हैं।

## प्रथम सेमेस्टर प्राइवेट परीक्षा के लिए आवेदन प्रारंभ

**जगदलपुर।** शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय से सम्बद्ध बस्तर संभाग के विभिन्न महाविद्यालयों में स्नातक और स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर की प्राइवेट(स्वाध्यायी) परीक्षा के लिए ऑनलाईन आवेदन सह नामांकन प्रारंभ हो गया है। ऑनलाईन की अंतिम तिथि 30 अगस्त निर्धारित की गई है। ऑनलाईन का प्रिंट और आवश्यक दस्तावेज संबंधित कॉलेजों में 2 सितंबर तक जमा लिए जाएंगे।

ज्ञात हो कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत प्रदेश में स्नातक और स्नातकोत्तर प्राइवेट परीक्षा के लिए 'स्वाध्यायी विद्यार्थी नीति 2024' लागू की गई है। यह नियम पिछले 2024-25 सत्र से लागू है। स्नातक और स्नातकोत्तर के प्राइवेट स्टूडेंट्स भी सेमेस्टर पद्धति से परीक्षा दे रहे हैं। प्राइवेट स्टूडेंट्स को भी रेगुलर की तरह अध्ययन की कई सुविधाएं दी जा रही है। प्राइवेट स्टूडेंट के लिए भी इंटरनल, असाइनमेंट और लैब कार्य को आवश्यक बनाया गया है।

## भक्तों के साथ झूमे विधायक



**जगदलपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने कृष्ण जन्माष्टमी पर निकली शोभायात्रा में नाचते गाते श्रद्धालुओं के साथ मस्ती में वे भी आनंद में लीन हो गए।

# वन विभाग ने 125 एकड़ के भूमि को अतिक्रमण से करवाया मुक्त

## अतिक्रमणकारियों ने लालच में हरे-भरे वन क्षेत्र को बना दिया था वीरान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिला अंतर्गत ग्राम पिपलावण्ड के ग्रामीणों द्वारा अवैध अतिक्रमण का शिकायत पर मुख्य वन संरक्षक आरसी दुग्गा एवं वन मंडल अधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता द्वारा 11 अगस्त को ग्राम पिपलावण्ड जामगुड़ा पारा कक्ष कमांक 1089 का निरीक्षण किया गया। सीसीएफ ने कहा कि अतिक्रमणकारियों को नहीं बक्शा जाएगा। इस दौरान तत्काल अतिक्रमण को खाली करवाने का आदेश दिया गया। गत 12 एवं 13 अगस्त की सुबह 8 बजे संयुक्त रूप से विभिन्न परिक्षेत्र अधिकारी बस्तर, करपावण्ड, भानपुरी, पुलिस बल की सहायता से गांव के सरपंच केशव कश्यप, उप सरपंच जयदास कश्यप, कोटवार मंगलूराग कश्यप, पंच विश्वनाथ मण्डावी, रमेश बघेल, विजय सिन्हा एवं संयुक्त वन प्रबंधन समिति के अध्यक्ष हंगरूराम और सदस्य शामिल रहे। लगभग दो सौ की संख्या में लोगों की उपस्थिति में 125 एकड़ के भूमि को अतिक्रमण से मुक्त करवाया गया। अतिकमितकारियों का रिकार्ड भू-राजस्व से मंगाकर अवलोकन किया गया। उक्त व्यक्तियों के नाम पर राजस्व के रिकार्ड में भी जमीन है। फिर भी इनके द्वारा लालच में आकर हरा-भरा वन क्षेत्र को धीरे-धीरे वीरान बना दिया। कई बार इन लोगों को सख्त हिदायत दी गई और पीओआर प्रकरण भी दर्ज किया गया कोर्ट की कार्रवाई भी हुई ये लोग समझाइश के बाद भी पुनः बीच बीच में अचानक आकर हल चला कर खेती करते है। इनके द्वारा स्थानांतरित खेती किया जाता रहा है। वन विभाग द्वारा वर्ष 2013-14 में इनको पूरी तरह हटा कर 50. हेक्टर वन भूमि में मिश्रित वृक्षा रोपण कार्य करावाया गया था, पर अतिक्रमणकारियों ने कई पौधों को बीच-बीच में आकर काट दिया है।

### 17 अतिक्रमणकारियों पर प्रकरण दर्ज

वन विभाग द्वारा माह जून में सभी पंचायतों को वन मण्डलाधिकारी बस्तर के माध्यम से अतिक्रमण न करने संबंधी पत्राचार एवं जगह- जगह मुनादी कराकर खूब प्रचार प्रसार किया गया था, उसके बाद भी इनके द्वारा अतिक्रमण किया गया। वन विभाग ने कार्यवाही में 11 झोपड़ियां, 80 नग बल्ली, फेंसिंग कांटा तार 9 बंडल, 112 नग खूंटा, लगभग 150 मी. हरा रंग का नेट जप्ती की कार्रवाई की गई, इसमें 17 लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया। क्षेत्र में भूजल संरक्षण कार्य के अंतर्गत वार्टर रिचार्ज पीट बनवाया गया, बृहद पैमाने पर 1010 मी. अंतराल में काजू पौधे का रोपण किया गया।



- अतिक्रमणकारियों को नहीं बक्शा जाएगा : सीसीएफ
- अवैध अतिक्रमण का शिकायत पर सीसीएफ व डीएफओ ने किया निरीक्षण



### चेन फेंसिंग करवाने की मांग

ग्राम पंचायत पिपलावण्ड के द्वारा बैठक आहूत कर वन विभाग से मांग की गई उक्त क्षेत्र में दो तालाब निर्माण किया जाए, पूरे क्षेत्र को चेन फेंसिंग करवाया जाए। साथ ही वृहद स्तर पर वानिकी पौधों का मिश्रित रोपण किया जाए ताकि पर्यावरण में सुधार हो सके, जिससे मछली पालन, लाख पालन और लघु वनोपज का संग्रहण कर सकें, जिससे आमदनी बढ़ सके। बैठक में उप वन मण्डलाधिकारी आईपी बंजारे, वन परिक्षेत्र अधिकारी पदम लाल पाण्डेय, डॉ. प्रीतेश कुमार पाण्डेय, सौरभ रजक, भुवनेश्वर सुरोजिया, उड़नदस्ता दल जगदलपुर एवं वन विभाग के समस्त परिक्षेत्र सहायक, परिसर रक्षक और सुरक्षा श्रमिक उपस्थित थे। जिन्होंने सम्पूर्ण क्षेत्र में शीघ्रता से भू-जल संरक्षण कार्य और काजू रोपण का कार्य को अतिसंवेदनशील परिस्थिति में कुशलतापूर्वक संपन्न कराया।

## केंद्रीय मंत्री के हाथों पुरस्कृत हुए स्टेट बैडमिंटन चैंपियन

# 15 वर्षीया रेणुश्री बनी चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



24वीं राज्य स्तरीय सीनियर रैंकिंग बैडमिंटन प्रतियोगिता का समापन केंद्रीय आवास एवं शहरी विकास मंत्री तोखन साहू के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर संजय पांडे ने की। विशिष्ट अतिथि के तौर पर सभापति खेमसिंह देवांगन,भाजपा के जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश पांडे उपस्थित रहे। केंद्रीय मंत्री तोखन साहू और महापौर संजय पांडे ने समापन समारोह और पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में उपस्थित खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों को संबोधित किया। उन्होंने स्वस्थ जीवन शैली के लिए खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला और विजेता खिलाड़ियों को आगामी राष्ट्रीय खेलों में बेहतर प्रदर्शन कर छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करने की सीख दी। अतिथियों नें मैदान में खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनकी हौसला अफजाई की। केंद्रीय मंत्री एवं अतिथियों ने इस अवसर पर खिलाड़ियों के बीच जारी रोमांचक मुकाबलों को भी पूरी तन्मयता से देखा। अतिथियों ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता की आकर्षण का केंद्र रही 15 वर्षीय खिलाड़ी रेणुश्री यवरना के खेल की जमकर तारीफ की। बता दें कि राजधानी रायपुर के खिलाड़ी रेणुश्री यवरना ने राज्यस्तरीय सीनियर रैंकिंग प्रतियोगिता में अपने से उम्र में बड़े खिलाड़ियों को अपने दमदार खेल से पछाड़ते महिला एकल वर्ग का खिताब अपने नाम किया। रेणुश्री ने फाइनल मुकाबले में अपनी प्रतिद्वंद्वी हिरल चौहान को पराजित किया। रेणुश्री ने रायपुर के ही खिलाड़ी आयुष मखीजा के साथ मिलकर मिश्रित युगल के फाइनल मुकाबले में बिलासपुर के धीरज खत्री और रायपुर की श्वेता परदेसी की मजबूत जोड़ी को हराकर यह खिताब भी अपने नाम किया। इसी तरह पुरुष एकल वर्ग की किताबी भिड़ंत यूनियन क्लब रायपुर के खिलाड़ी हर्षल भोयर और कोरबा जिले के खिलाड़ी हर्षित ठाकुर के बीच हुई। इस मुकाबले को अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर हर्षित ठाकुर ने अपने नाम किया।

इस तरह संपन्न हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के फाइनल मुक़ाबलों को देखने बड़ी संख्या में शहर के खेल प्रेमी स्टेडियम में उपस्थित रहे। केंद्रीय मंत्री समेत मंचस्थ अतिथियों ने भी 1 घंटे से भी अधिक समय तक खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन को देखा और सराहा।

### फाइनल मुकाबले में भिड़ी सभी रायपुर की खिलाड़ी

महिला युगल वर्ग का फाइनल मुकाबला रायपुर की ही चारों महिला खिलाड़ियों के बीच खेला गया। इस बेहद करीबी मुकाबले में राशि मल्ल और श्वेता परदेसी की जोड़ी को कड़ी टक्कर देते इशिका पोद्दार और रेवराजे वर्मा ने जीत दर्ज की।

### रायपुर का रहा दबदबा

प्रतियोगिता में रायपुर का पूरा दबदबा दिखा, बिलासपुर, दुर्ग और कोरबा के 1-1 खिलाड़ी को छोड़ कर सभी फायनलिस्ट रायपुर के ही रहे। बस्तर जिला बैडमिंटन संघ की मेजबानी में आयोजित इस प्रतियोगिता में अध्यक्ष संजय विश्वकर्मा,सचिव राजेश त्रिपाठी, सुनील खेडूलकर, कैलाश चौहान, रविंद्र ठाकुर, सुब्बाराव, समीर सेन, शैलेंद्र भदौरिया,सुरेंद्र तातेड़, शशांक शेंडे, नितेश महंत, हितेश तिवारी, राजेश जेना, भूपेश साहू, बीएस ध्रुव, सोनु पांडे, कामेश राणा, सलमान रजा आदि का विशेष योगदान रहा।

## दशहरा वन में एक पेड़ बस्तर के देवी-देवताओं के नाम से किया पौधरोपण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर दशहरा के आयोजन समिति के बैठक के उपरांत अतिथि और मांझी, चालकी द्वारा नकटी सेमरा में स्थित दशहरा वन स्थल में पौधरोपण किया गया। यह पौधें बस्तर दशहरा में उपयोग की जाने वाली लकड़ी फुल से संबंधित पौधों का रोपण किया गया है। ज्ञात हो कि बस्तर दशहरा हेतु प्रति वर्ष रथ निर्माण के लिए लगभग 200 पेड़ काटा जाता है। रथ निर्माण के लिए कोमी, घमन, पारा, मगरमुही जैसे विभिन्न किस्मों के पेड़ों को काटा गया है। इन पेड़ों की प्रतिपूर्ती हेतु बस्तर दशहरा पर्व के अन्तर्गत पौधरोपण कार्य एक पेड़ बस्तर के देवी-देवताओं के नाम के माध्यम से विभिन्न किस्मों के सामाजिक पुज्यनीय पौधे जैसे साजा आदन, साल (सरगी), महुआ, आम, कसी, सियाडी, भेलवा, सिवना, आम, छिंद, सल्फी बेल, नीम, आंवला, पलास, फरसा, कुड़ई, हजारी कनेर, तेंदू, कुसुम, सागौन, बांस, जामून एवं अन्य प्रकार के पौधे का रोपण किया गया है। इस अवसर पर बस्तर महाराजा कमलचंद्र भंजदेव, सांसद महेश कश्यप, कलेक्टर हरीश एस., वन मंडलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता, एसडीओ देवलाल दुग्गा, परिक्षेत्र अधिकारी सूर्यप्रकाश ध्रुव आदि शामिल रहे।

- पौधरोपण से रथ निर्माण के लिए 200 पेड़ काटने की प्रतिपूर्ति

## विहिप ने मनाया स्थापना दिवस एवं जन्माष्टमी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

विश्व हिंदू परिषद का 61वां स्थापना दिवस स्थानीय सीताराम शिवालय में आयोजित किया गया। जन्माष्टमी के दिन ही 29 अगस्त 1964 को स्वामी चिन्मयानंद के सांदीपनी आश्रम में गुरुजी माधवराव सदाशिव गोलवलकर मास्टर तारा सिंह,एसएस आप्टे व अन्य की उपस्थिति में विश्व हिंदू परिषद की आधारशिला रखी गई, जो समय के साथ,साथ विस्तार लेते हुए आज विश्व के लगभग 50 देशों से लेकर भारतवर्ष के सभी राज्यों तक विस्तार लेते हुए अपने सुदृढ़ विकास को प्राप्त हुआ है। स्थानीय सीताराम शिवालय में स्थापना दिवस मनाने विभाग,जिला प्रखंड से लेकर ग्राम स्तर के दायित्व वान पदाधिकारियों के साथ भरी संख्या में कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। विशेष रूप से बिलासपुर से पधारे प्रांत मंत्री विभूति भूषण पांडे उपस्थित रहे। साथ ही बजरंग दल के प्रांत संयोजक शुभम नाग भी उपस्थित रहे। सभा का आयोजन स्मरण करते हुए रामदरबार,भारत माता के चित्र पटल पर फूल माला के साथ दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात सभी दायित्ववान पदाधिकारियों व कार्यकर्ता से मौखिक परिचय प्रांत मंत्री विभूति भूषण पांडे से कराया गया। इस अवसर पर दुर्गावाहिनी, मातृशक्ति से भी बड़ी संख्या में महिलाये उपस्थित थी। मंच का संचालन नवीन देवांगन ने किया। वही मंच पर विभाग मंत्री रवि ब्रह्मचारी, जिलाध्यक्ष शंकर लाल गुप्ता मौजूद रहे।



## कृष्ण जन्माष्टमी पर आध्यात्मिक चैतन्य झांकी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय ' पावन धाम में आध्यात्मिक चैतन्य झांकी का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर पूर्व विधायक संतोष बाफना ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी भाई बहनों को श्री कृष्ण जन्माष्टमी की बधाई दी। आपने कहा भारत में भगवान श्री कृष्ण का जो सनातन दर्शन है जो दिया हुआ है जैसा कर्म हम करेंगे वैसा फल पाएंगे। हम यदि जीवन में अच्छा करते हैं तो हमारा जीवन भी अच्छा बनता है। हम यदि अच्छा सोचते हैं तो अच्छा बनते है। श्री कृष्ण का जीवन हमारे लिए आदर्श है। यदि हम परोपकार करेंगे तो जीवन में सुख और शांति मिलेगी।

बस्तर संभाग की प्रभारी ब्रह्माकुमारी मंजूषा दीदी ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी भाई बहनों को श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व की शुभकामनाएं एवं बधाई दी। श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर आध्यात्मिक रहस्य के बारे में बताते हुए कहा। भारत संस्कार सांस्कृतिक एवं अध्यात्म प्रधान देश है । श्री कृष्ण का जीवन सर्व गुणों से संपन्न, 16 कला संपूर्ण, संपूर्ण निर्विकारी था। हर कर्म गुणों से युक्त होता था । हमें भी श्री कृष्ण जैसा गुणवान, श्रेष्ठ संस्कारों एवं दिव्या गुणों से संपन्न बनना है और सुंदर चरित्र और गुणों के आधार से विश्व को स्वर्ग बनाना है जहां सभी का जीवन सुख में एवं आनंदित रहेगा।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मद्देड़



भोपालपटनम ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम पंचायत मद्देड़ पंचायत कार्यालय, हाई स्कूल, आत्मानन्द स्कूल, प्रा. शा. माध्य. शा. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, पुलिस थाना परिसर, वन विभाग कार्यालय, आंगनवाडी केन्द्र, वासवी क्लब, में हर्षोल्लास से 79वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया।

सभी जगह झण्डा फहराया गया और राष्ट्र गीत उपरान्त छात्र, छात्राओं द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई। ग्राम पंचायत कार्यालय में उप सरपंच, हाई स्कूल में जन प्रति निधि, आत्मानन्द शाला समिती अध्यक्ष, पुलिस थाना में थाना प्रभारी, आंगनबाड़ी केंद्र में कार्यकर्त्ता जनप्रतिनिधी, वन विभाग में रेंजर, वासवी क्लब में व्यापारी संघ के अध्यक्ष ने ध्वजा रोहन किया।

अपने अपने स्कूल सालाओं मे छात्र छात्राओं के द्वारा नृत्य, लोक गीत, देशभक्ति गीतों पर रंगारंग प्रस्तुति दी गई। थाना परिसर में ध्वजा रोहन पश्चात शहीद हुए जवानों के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित कर, उनके परिजनों को श्री फल साल भेंट किया ओर सभी जन प्रति निधि, ग्रामीणों, शिक्षक, शिच्छिकाओ, आय आगंतुकों छात्र छात्राओं को बहुत बहुत धन्यवाद दे कर मिठाई वितरण किया। स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर ग्राम पुरी तरह भक्ति भाव मय हो गया था हर गली चोक चोराओं में तिरंगा ही तिरंगा दिख रहा था। स्वतन्त्रता दिवस मददेड में धूम धाम, हर्ष उल्लास उमंग उल्लास के साथ मनाया गया।

- राष्ट्र गीत उपरान्त छात्र, छात्राओं ने निकाली प्रभात फेरी




# कृष्ण जन्माष्टमी पर हुई दही हांडी प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली



10 वर्षो से सुभाष नगर बचेली में कृष्णजन्मोत्सव समिति द्वारा जन्माष्टमी दही हांडी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी श्री कृष्ण भगवान के जन्मोत्सव को फेंसी ड्रेस, मटकी फोड, कुर्सी दौड़ और दही हांडी प्रतियोगिता के साथ टी. आई.बचेली एम. एन. ध्रुव सर द्वारा पूजा आरती के साथ शुरू कर के मनाया गया। दही हांडी प्रतियोगिता में कुल 6 टीमों बचेली बॉयस, सेलिब्रेशन हाउस,दुगेली बॉयज, कड़मपाल,पीना बचेली, पेरवा ने भाग लिया। कड़मपाल प्रथम स्थान पर रही। सुमित सरकार की तरफ से प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया। दूसरा पार्षद सुनील गाईन की तरफ से 5000 बचेली बॉयज की टीम को दिया गया। महिला टीम महादेव ग्रुप ने भी दही हांडी फोड़ समिति की तरफ से 5000 की राशि प्राप्त की। मुख्य अतिथि एनएमडीसी प्रबंधन से महेश नायर मुख्य महाप्रबंधक, (मानव संसाधन ) सौरभ कुमार उपमहा प्रबंधक(मानव संसाधन), तिरुपति राव उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) रहे और राधा कृष्ण बने बच्चों का पुरस्कार वितरण कर उत्साह वर्धन किया। समिति की अध्यक्ष शीला साहू ने समिति की महिला शक्ति का विशेष आभार प्रकट किया जो सप्ताह भर से कार्यक्रम को सफल बनाने में लगी हुईं थी । अनु जैसवाल, कुसुम सिन्हा, ननिता बंजारे, ममता रत्नाकार, राजेश्वरी वर्मा समिति के सदस्य देवेंद्र कुमार, अभिषेक सोनकर, शैलेन्द्र सिन्हा, रोहणी जैसवाल, सुशील वर्मा, प्रदीप प्रधान, दर्शक दीर्घा,पुलिस प्रबंधन, अपोलो हॉस्पिटल, एनएमडीसी सिविल विभाग के सहयोग से कार्यक्रम सफल हुआ ।

